संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -224 शुक्रवार ,16 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बिपरजॉय से निपटने गुजरात से लेकर मुंबई तक प्रशासन सतर्क

» साइक्लोन बिपरजॉय को लेकर कलेक्टरों की छुट्टियां रद्द

» भारतीय रेलवे को भी किया गया अलर्ट

**जोधपुर,15 जून 2023(ए)।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर गुजरात सीमा से लगते राजस्थान के कई जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्थानीय प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीमों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे का जोधपुर मंडल अलर्ट मोड पर है। रेल प्रशासन ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष तैयारी करने का दावा किया है। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अरब सागर में उठे बिपरजॉय चक्रवात को लेकर जोधपुर मंडल रेल प्रशासन सतर्क है तथा सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत आपदा प्रबंधन कक्ष को एक्टिव मोड पर रखा गया है।

इसके जरिये सक्षम अधिकारी हालात की 24वों घंटे निगरानी कर सकेंगे। इसके अलावा ऑपरेटिंग विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जिन स्थानों पर चक्रवात के कारण हवा का वेग अधिक है वहां ट्रेनों को नियंत्रित करने व रोकने का निर्णय कर सकते हैं. आपातकालीन निकासी के लिए पर्याप्त डीजल और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव तथा कोचिंग रह की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है. इसके अतिरिक्त दुर्घटना राहत ट्रेन, चिकित्सा व्यवस्था, एआरटी व एआएमइ की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

### रेलवे सतर्क

डीआरएम ने बताया कि आपदा प्रबंधन हेतु आरपीएफ, एनडीआरएफ व स्काउट एवं गाइड सक्रिय मोड पर रहेगी तथा यात्रियों के लिए खानपान की स्टॉलें खुली रहेगी और जरूरत पड़ने पर उनके गंतव्य स्थानों तक पहुंचाने के लिए रोडवेज से भी सहयोग लिया जा सकेगा। यात्रा के दौरान तेज हवाएं चलने पर यात्रियों से खिड़कियां खुली रखने और अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। इसके साथ ही चक्रवात की स्थिति के दौरान सुरक्षा के संबंध में लोको पायलट व सहायक लोको पायलट व चालक दल के लिए विश्राम हेतु रनिंग रूम में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।





### चक्रवात के कारण गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द

विशेष परिस्थितियों के मद्देनजर टीआरडी स्टाफ को अलर्ट किया जा रहा है. अगर पावर सप्लाई बाधित होती है तो ट्रेन सेवाएं डीजल इंजन पर भी चलाई जा सकेगी. पोकलेन जेसीबी की व्यवस्था भी रहेगी। पुलों व ओवरब्रिज की निगरानी की जा रही है। बिपरजॉय चक्रवात तूफान को देखते हुए संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा रेलसेवा को आवागमन में 14 जून तक जोधपुर से व 15 जून तक गांधीधाम से रद्द किया गया है।

### प्रशासन की तैयारी पूरी

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) सहित आपदा प्रतिक्रिया दल, चक्रवात के बाद सहायता प्रदान करने के लिए स्टैंडबाय पर हैं। सेना ने नागरिक प्रशासन और एनडीआरएफ अधिकारियों के साथ समन्वय में काम करते हुए बाढ़ राहत टीम भी तैनात किए हैं। चक्रवात के प्रभाव को कम करने के लिए, एनडीआरएफ की 17 और एसडीआरएफ की 12 टीमों को देवभूमि द्वारका, राजकोट, जामनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, गिर सोमनाथ, मोरबी और वलसाड के प्रभावित जिलों में तैनात किया गया है।

### 74,000 से अधिक लोगों को किया गया शिफ्ट

कच्छ जिले में गुरुवार को जखाऊ बंदरगाह के पास चक्रवात 'बिपारजॉय' की संभावित दस्तक से पहले राज्य प्रशासन ने तट के पास रहने वाले 74,000 से अधिक लोगों को एहतियात के तौर पर स्थानांतरित कर दिया है और बचाव एवं राहत उपायों के लिए आपदा प्रबंधन इकाइयों को तैनात किया है।

गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ तटीय जिलों में कुल 74,345 लोगों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, अकेले कच्छ जिले में लगभग 34,300 लोगों को, जबकि जामनगर में 10,000, मोरबी में 9,243, राजकोट में 6,089, देवभूमि द्वारका में 5,035, जूनागढ़ में 4,604, पोरबंदर जिले में 3,469 और गिर सोमनाथ जिले में 1,605 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

# लोकसभा के अखाड़े में राज्यसभा के वरिष्ठ नेता

» राणे,यादव,धर्मेंद्र प्रधान के नाम चर्चा में

**नई दिल्ली ,15 जून 2023(ए)।** भाजपा द्वारा अगले साल मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कुछ केंद्रीय मंत्रियों सहित 12 से अधिक वरिष्ठ नेताओं को चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। बताया जा रहा है कि बीजेपी आलाकमान ने अपनी चुनावी रणनीति के तहत उन वरिष्ठ नेताओं के नाम तय कर लिए हैं जो लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं।

धर्मेंद्र प्रधान (शिक्षा मंत्रालय), भूपेंद्र यादव (श्रम और पर्यावरण और वन मंत्रालय) और नारायण राणे (एमएसएमई मंत्रालय) के नाम पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं। ऐसा लगता है कि राज्यसभा में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने वालों को लोकसभा चुनाव लड़ना ही होगा।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2008 से पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं और उन्हें तमिलनाडु से मैदान में उतारा जा सकता है। लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अश्विनी वैष्णव (रेल मंत्रालय) के लोकसभा में मैदान में उतरने की खबरें सच नहीं लगतीं।

भूपेंद्र यादव हरियाणा से ताल्लुक रखते हैं और राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य हैं। अगर उन्हें हरियाणा के महेंद्रगढ़ से उम्मीदवार बनाया जाता है तो उसी विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा सांसद और मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के सामने मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी। यह पहली बार नहीं है जब बीजेपी ने इस तरह की रणनीति बनाई है। 2014 में बीजेपी ने अरुण जेटली को अमृतसर से और 2019 में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा था।

### उनके फैसले के बाद

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सदन के नेता और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को मनोनीत किया जाएगा या नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पुरुषोत्तम रूपाला (पशुपालन और मत्स्य मंत्रालय) गुजरात से हैं और उन पर फैसला बाद में लिया जा सकता है। अन्य राज्यसभा वरिष्ठों में जिन्हें लोकसभा के लिए मैदान में उतारने की संभावना है, उनमें डॉ. लक्ष्मण, सुशील कुमार मोदी सहित कई अन्य नाम शामिल है।

# कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून खत्म

» सिद्धारमैया कैबिनेट ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली ,15 जून 2023 (ए)।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून को वापस ले लिया है। इस कानून को भाजपा की सरकार लेकर आई थी। आज हुई सिद्धारमैया सरकार की कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया है और इस पर मुहर लगा दी है।




कांग्रेस सरकार की ओर से धर्मांतरण विरोधी कानून को हटाने पर भाजपा ने हमला बोला है। पूर्व शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा, 'ये लोग मुसलमानों के वोट चाहते हैं। सिद्धारमैया की सरकार हिंदुओं के खिलाफ है। ये लोग तो हिजाब को फिर से लागू करा सकते हैं। ये लोग अल्पसंख्यकों को वोट हासिल करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं और सब चीजों को राजनीति से जोड़ देते हैं।' चर्चा है कि कांग्रेस सरकार गोहत्या निरोधक कानून भी हटा सकती है। पिछले दिनों एक मंत्री ने यहां तक कहा था कि यदि भैंसों को काटा जा सकता है तो फिर गायों को क्यों नहीं। वहीं इसके अलावा आज की मीटिंग में आरएसएस के संस्थापक रहे केशव बलिराम हेडगेवार को स्कूली किताबों के सिलेबस से हटा दिया है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा, 'हेडगेवार पर स्कूल सिलेबस में जो दिया गया था, उसे हटाया गया है। पिछले सरकार ने बीते साल जो भी बदलाव किए थे, उन्हें वापस लिया गया है। अब वही पढ़ाई होगी, जो पहले होती थी।'

इसके अलावा कैबिनेट ने एक फैसला और लिया है कि सभी सरकारी, गैर-सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों एवं कॉलेजों में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना अनिवार्य होगा।

# कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग

» रस्सियों के सहारे कूदकर छात्रों ने बचाई अपनी जान

**नई दिल्ली,15 जून 2023(ए)।** दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके के संस्कृति कोचिंग में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बता दें कि मुखर्जी नगर में बत्रा सिनेमा के पास स्थित ज्ञान बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस और दमकलकर्मियों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। आग लगने के बाद छात्रों ने कोचिंग सेंटर की खिड़की से रस्सियों के सहारे कूदकर अपनी जान बचाई। अपनी जान बचाते वक्त 4 छात्र घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। आग पर काबू पा लिया गया है।




जानकारी के अनुसार करीब 12 बजे दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके के एक कोचिंग सेंटर में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इससे वहां मौजूद स्टूडेंट्स में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए छात्र बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से तार के सहारे नीचे उतरते दिखे।

कुछ ने खिड़कियों और बालकनी से कूदकर जान बचाई। जिस सेंटर में आग लगी वहां 200 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे, साथ ही वहां फायर एग्जिट नहीं था, इस कारण स्टूडेंट्स खिड़की से कूदकर जान बचाने मजबूर हुए। बच्चे पैनिक हो गए और बिल्डिंग से पीछे के रास्ते से उतरने लगे, जिस कारण 4 स्टूडेंट घायल हो गए है। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है।



# बृज भूषण शरण सिंह को मिली क्लीन चिट

**नई दिल्ली,15 जून 2023(ए)।** दिल्ली पुलिस के अधिकारी पहलवानों के मामले में चार्जशीट लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। चार्जशीट अपर मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल की गई है । इस चार्जशीट में सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लिन चिट मिल गई है ।

आपको बता दे कि दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के आधार पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ अप्रैल में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थी।

पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत दायर की गई है।दूसरी प्राथमिकी वयस्क शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों की व्यापक जांच पर केंद्रित है और इसमें यौन प्रताड़ना से संबंधित आईपीसी की प्रासंगिक धाराएं लगाई गई हैं।

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

» सीमा शुल्क घटाया, सस्ते होंगे खाद्य तेल

**नई दिल्ली,15 जून 2023(ए)।** केंद्र सरकार ने महंगाई के मोर्चे पर एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सोयाबीन और सूरजमुखी के तेलों पर सीमा शुल्क को 5 फीसदी घटा दिया है। इसकी अधिसूचना 15 जून, 2023 यानी गुरुवार से ही लागू कर दी गई है। भारत सरकार ने सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों पर सीमा शुल्क 17.5 फीसदी से घटाकर 12.5 फीसदी कर दिया है। केंद्र सरकार की अधिसूचना के मुताबिक यह कदम जनहित में उठाने का फैसला किया गया है। हालांकि कहा जा रहा है कि घरेलू और विदेशी खाद्य तेलों की कीमतों में पहले से ही चल रही गिरावट के बीच यह कदम उम्मीद से विपरीत है।

कारोबारियों का मानना है कि सीमा शुल्क में कमी करने का फैसला दिखाता है कि सरकार आने वाले चुनावों के मद्देनजर खाद्य मुद्रास्फीति को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित है।



माना जा रहा है कि सीमा शुल्क भले ही सिर्फ सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों पर कम हुए हैं, लेकिन इसका असर अन्य खाद्य तेलों के दामों पर भी पड़ेगा। वैसे भी अभी बाजार में तिलहन का नया स्टॉक पहुंचा है, जिससे आवक बढ़ी हुई है।

कुछ डीलरों का कहना है कि अब कच्चे और रिफाइंड सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों में शुल्क में इतना अंतर हो गया है कि नया शिपमेंट तत्काल पहुंचने की कोई संभावना नहीं है। भारत वनस्पति तेल का दुनिया में सबसे बड़ा खरीदार है। यह मुख्य रूप से अर्जेंटीना, ब्राजील, यूक्रेन और रूस से सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल का आयात करता है।

# बंगाल पंचायत चुनाव

## केंद्रीय बलों की तैनाती पर हाईकोर्ट पहुंचा राज्य चुनाव आयोग

**कोलकाता ,15 जून 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग ने गुरुवार को राज्य में आगामी पंचायत चुनाव में सात संवेदनशील जिलों में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष पूर्व के आदेश पर एक समीक्षा याचिका दायर की। आयोग ने बुधवार शाम तक केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती पर कोई फैसला नहीं लिया था। अब समीक्षा याचिका के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के फैसले के साथ, विपक्षी दलों ने सवाल करना शुरू कर दिया है कि ग्रामीण निकाय चुनावों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग कितना ईमानदार है।




इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा की राज्य इकाई ने भी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की उसी खंडपीठ के समक्ष जाने का फैसला किया है, इसमें स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आयोग केंद्रीय बलों की तैनाती पर कोई निर्णय लेने में अनिच्छुक क्यों है। इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता, शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल कैबिनेट के एक सदस्य और राज्य पुलिस के जिला अधीक्षक पर एक बैठक कर चुनाव के दिन धांधली पर चर्चा करने का आरोप लगाया।

# झोपड़ी में आग से जिंदा जला पूरा परिवार

» कुशीनगर में हुए इस दर्दनाक हादसे में 5 बच्चों समेत 6 की मौत

**कुशीनगर ,15 जून 2023 (ए)।** कुशीनगर जिले में बीती देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। नगर पंचायत रामकोला के वार्ड नंबर-2 बापुनगर में देर रात करीब 12.30 बजे अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। आग में जलने से घर में मौजूद छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में पाचं बच्चे और एक महिला शामिल है। भोर में एसपी व डीएम ने उर्दहा गांव पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस में छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के उर्दहा गांव निवासी सरयू खटीक के दो बेटे हैं। इनमें एक बेटा परिवार लेकर लुधियाना पंजाब रहता है। दूसरा नवमी अपनी पत्नी संगीता (38), बेटी अंकिता (10), लक्ष्मीन (9), रीता( 3), गीता (2) और एक साल के बेटे बाबू के साथ गांव में रहता था। सरयू और उसकी पत्नी बगल की अलग झोपड़ी में रहते हैं।




नवमी ने बताया कि तीन दिन से पत्नी से उसका किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। पत्नी ने अपने मायके इसकी जानकारी दी तो वहां से नवमी को कहा गया कि संगीता को मायके पहुंचा दे। नवमी ने इंकार कर दिया। गुस्से में संगीता ने बुधवार की रात खाना नहीं बनाया। नवमी ने दिन का बचा चावल नमक और प्याज बच्चों को खिलाया और झोपड़ी के बाहर पेड़ के नीचे चटाई बिछाकर बच्चों के साथ सो गया।

रात 12 बजे के बाद संगीता आई और सभी बच्चों को जगा कर एक-एक कर झोपड़ी में ले गई। इसके आधे घंटे बाद करीब 12.30 बजे झोपड़ी से आग की लपटें निकलने लगीं। बच्चे चिल्ला रहे थे तो वह भाग कर झोपड़ी में पहुंचा मगर अंदर से बांस का दरवाजा बंद था। आग विकराल हो चुकी थी। शोर सुनकर गांव के लोग जुटे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू किया तब तक मां व पांच मासूम बच्चों की जलकर मौत हो चुकी थी। इस परिवार की रिहायशी झोपड़ी और उसमे रखा सामान जलकर राख हो चुका था। आग के चलते झोपड़ी में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ था। मौके पर पहुंचे डीएम रमेश रंजन ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने से महिला और उसके पांच मासूम बच्चों की मौत हो गई है। आग कैसे लगी इसकी जांच पुलिस कर रही है।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला

» सीआरपीएफ ने की डॉग स्क्वायॅड की तैनाती

**नई दिल्ली ,15 जून 2023 (ए)।** अमरनाथ यात्रा से पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने उधमपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर अपने विशेष डॉग स्क्वॉड को तैनात किया है। अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को पहलगाम में नुनवान और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल के दो पारंपरिक मार्गों से शुरू होगी। सीआरपीएफ में 137 बटालियन के कमांडेंट रमेश कुमार ने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए डरने की कोई बात नहीं है।जम्मू-कश्मीर प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने केंद्र शासित प्रदेश में आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए तैयारियों और सुरक्षा का जायजा लिया। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 62 दिवसीय तीर्थ यात्रा एक जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलने वाली है। जम्मू के उपायुक्त अवनी लवासा ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यात्री निवास, जम्मू रेलवे स्टेशन, वैष्णवी धाम, सरस्वती धाम और पंचायत भवन का दौरा किया।



लवासा ने पंजीकरण काउंटरों, आवास केंद्रों और यात्री निवास में आवास, सुरक्षा, वाई-फाई की स्थापना, बिजली और पानी की आपूर्ति, साफ-सफाई और स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी 2023-25 के कार्यक्रम की घोषणा की

### लॉर्ड्स में खेला जाएगा फाइनल

**ओवल,15 जून 2023।** अंतर्राष्टीय क्रिकेट परिषद ने नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के लिए विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रभावशाली डब्ल्यूटीसी चक्र को भारत पर जीत के साथ समाप्त किया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का तीसरा संस्करण आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की एशेज श्रृंखला के साथ शुरू होगा। चैंपियनशिप का आगामी संस्करण एशेज के साथ शुरू होगा और प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त होगा।

### ये रहा कार्यक्रम

आईसीसी ने टेस्ट चक्र के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की है। घोषणा के अनुसार, दो वर्षों में 27 श्रृंखलाओं में 68 टेस्ट मैचों में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में भाग लेने वाली टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज हैं। इसके अलावा, प्रत्येक डब्ल्यूटीसी श्रृंखला में दो से पांच टेस्ट मैच होंगे और नौ टीमों में से प्रत्येक टीमें छह श्रृंखलाएं खेलेगी। इनमें से तीन घर पर और तीन बाहर होंगे। विशेष रूप से, फाइनल दो शीर्ष टीमों के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम

ऑस्ट्रेलिया घर से दूर इस चक्र में नौ मैच खेलेगी जिसमें न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला शामिल है। घर में, वे कुल 10 टेस्ट के लिए भारत (पांच), पाकिस्तान (तीन) और वेस्टइंडीज (दो) के खिलाफ खेलंगे। भारत 2023-25 चक्र में 19 मैच खेलेगा। टेस्ट के लिए मेन इन ब्लू का प्रभार वेस्टइंडीज में दो मैचों की श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसके बाद भारतीय दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में दो मैचों की प्रतियोगिता के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेंगे। इसके बाद जनवरी और फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला खेली जाएगी। भारत दो और तीन मैचों में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। मेन इन ब्लू की अंतिम श्रृंखला अक्टूबर/नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में होगी।




### ये रहे कार्यक्रम

#### भारत का वेस्टइंडीज दौरा

12-16 जुलाई पहला टेस्ट - विंडसर पार्क, रोसो, डोमिनिका
20-24 जुलाई दूसरा टेस्ट क्वींस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद
दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा 2023-24
दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत - 2 टेस्ट - दिसंबर 2023 से जनवरी 2024
इंग्लैंड का भारत दौरा 2024
भारत बनाम इंग्लैंड - 5 टेस्ट - जनवरी/फरवरी 2024
भारत का बांग्लादेश दौरा 2024
भारत बनाम बांग्लादेश - 2 टेस्ट - सितंबर/अक्टूबर 2024
न्यूजीलैंड का भारत दौरा 2024
भारत बनाम न्यूजीलैंड - 3 टेस्ट - अक्टूबर/नवंबर 2024
भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2024-25 - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी
ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत - 5 टेस्ट - नवंबर 2024 - जनवरी 2025

### लॉर्ड्स, ओवल, हेडिंग्ले 2025 के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की मेजबानी करेंगे

क्रिकेट का मक्का कहा जाने वाला लॉर्ड्स, प्रतिष्ठित ओवल, तेजी गेंदबाजी के अनुकूल हेडिंग्ले उन पांच स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय क्रिकेट टीम 2025 दौरे पर टेस्ट मैच खेलेगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को यह घोषणा की। ईसीबी ने 2025-2031 के बीच सात साल के चक्र के लिए अपनी पुरुष और महिला टीम के घरेलू कैलेंडर की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार भारत जून 2025 में पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड का दौरा करने के लिए तैयार है और ईसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ये मुकाबले लॉर्ड्स, द ओवल (दोनों लंदन में), एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे।
वर्ष 2029 की श्रृंखला में हेडिंग्ले की जगह साउथम्पटन का रोज बाउल लेगा जबकि बाकी चार स्थल लॉर्ड्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड ही रहेंगे। भारत दो साल पहले साउथम्पटन में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हार गया था। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, ''अगले सात वर्षों के कार्यक्रम की घोषणा करके हम स्थलों को दीर्घकालिक निश्चितता भी दे रहे हैं ताकि वे स्टेडियम में सुधार और बेहतर प्रशंसक अनुभव में स्थायी रूप से निवेश कर सकें।''
ऑस्ट्रेलिया के अलावा भारत एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इंग्लैंड स्वदेश और विदेश दोनों में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलता है।
इंग्लैंड का भारत का अगला दौरा जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए होगा जो एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड 2014 से एक टेस्ट श्रृंखला में पांच मैच खेल रहे हैं। इसका अपवाद इंग्लैंड का 2020-21 का भारत दौरा था जिसमें सीमित ओवरों की श्रृंखला को समायोजित करने के लिए एक टेस्ट कम कर दिया गया था। इस श्रृंखला को कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत ने आखिरी बार लगभग 16 साल पहले 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

# हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए लियांगझू संस्कृति स्थल में ज्योति जलाई गई

**हांगझाऊ ,15 जून 2023।** हांगझाऊ 2023 एशियाई खेलों की ज्योति गुरुवार को प्राचीन शहर लियांगझू में जलाई गई, जिससे 19वें एशियाई खेलों की शुरूआत के 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू हो गई। उन्नीस ज्वाला संग्राहक, सफेद कपड़े पहने हुए, चहलकदमी कर रहे थे, इससे पहले उनमें से एक ने अवतल दर्पण का उपयोग करके सूर्य की किरणों से एक मशाल जलाई। जेड बाय की तरह डिजाइन किए गए दर्पण की रूपरेखा सूर्य की किरणों का प्रतीक है।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लेम कलेक्टर ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की झेजियांग प्रांतीय समिति के सचिव यी लियानहोंग को मशाल भेंट की, जिन्होंने ज्योति की कड़ाही को प्रज्जवलित किया, जिसका डिजाइन चीनी सभ्यता के शुरूआती कॉस्मोलॉजिकल मॉडल जेड कोंग से प्रेरित था।



यह समारोह लियांगझू प्राचीन स्थल में आयोजित किया गया था, जिसे शुरूआत में 1936 में हांगझाऊ के युहांग काउंटी में खोजा गया थ जो कम से कम 5,000 साल पुरानी चीनी सभ्यता का प्रतीक है।
मशाल प्रज्वलन और मशाल रिले लॉन्चिंग समारोह सितंबर के मध्य में हांगझाऊ के दर्शनीय स्थल वेस्ट लेक, एक अन्य यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, में आयोजित किया जाएगा और मशाल को झेजियांग प्रांत के 11 शहरों में ले जाया जाएगा।
गुरुवार को एक डिजिटल टॉर्च रिले की भी ऑनलाइन शुरूआत हुई। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 21 मिलियन से अधिक लोगों ने डिजिटल मशाल वाहक के रूप में वर्चुअल मशाल रिले में भाग लिया ।
23 सितंबर को, उद्घाटन समारोह खेलों के इतिहास में पहला डिजिटल प्रज्वलन समारोह पेश करेगा, और दुनिया भर के डिजिटल टॉर्चर ऑनलाइन एक साथ लौ को प्रज्जवलित कर सकते हैं।
हांगझाऊ 2022 एशियाई खेल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किए जाएंगे।
2022 में होने वाले खेलों को चीन में कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। चीन ने उस समय के आसपास कई घटनाओं को स्थगित या रद्द कर दिया था क्योंकि देश महामारी को रोकने के लिए लॉकडाउन में चला गया था।

# अर्जेंटीना ओपन खिताब का बचाव करने उतरेंगे कार्लोस अल्काराज

**ब्यूनस आयर्स ,15 जून 2023।** वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्काराज अगले साल अपने अर्जेंटीना ओपन खिताब का बचाव करेंगे, क्योंकि वह एक और दक्षिण अमेरिकी क्ले-कोर्ट सीजन शुरू करेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी है। 20 वर्षीय, ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब में इस साल के फाइनल में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को सीधे सेटों में हराकर सबसे कम उम्र के अर्जेंटीना ओपन विजेता बने।



खेल प्रबंधन समूह टेनियम ने बुधवार को एक बयान में कहा, ÷अल्काराज दक्षिण अमेरिका में सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 24वें संस्करण के लिए पहला कन्फर्म हैं, जो अगले साल 10 से 18 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।÷
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल्काराज ने जनवरी 2021 में विश्व मंच पर अपने आगमन की घोषणा की, जब 17 साल की उम्र में वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी बने।
स्पैनियार्ड ने यूएस ओपन के फाइनल में कैस्पर रुड को हराकर पिछले सितंबर में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया।

# झारखंड से एथलेटिक्स एसेसमेंट कैंप के लिए 52 एथलीटों का चयन

**रांची,15 जून 2023।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली की ओर से 10 से 12 फरवरी 2023 तक संपन्न राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, पटना के आधार पर 20 जून से 05 जुलाई तक पूर्वी क्षेत्र जोनल एसेसमेंट कैंप का किया गया है। इसका आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कामप्लेक्स, पटना में होगा। अंडर -14 एवं अंडर- 16 आयु वर्ग में झारखंड राज्य से 20 बालिकाओं एवं 32 बालकों समेत कुल 52 एथलीटों का चयन किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।
बालिका वर्ग में इनका चयन ~ सिया कुमारी, अदिति दास, अनीशा, स्नेहा कुमारी, रितु कुमारी (बोकारो), प्रेरणा पन्ना, सुगंती (लोहरदगा), सुहानी सिंह, आर्या सिंह (पलामू), लीला टुडू (गोड्डा), तनीषा कुमारी (रामगढ़), प्रियंका कुमारी (गुमला), अंजली कुमारी (हजारीबाग), सबिता मुर्मू, आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी (जामताड़ा), क्रांति कुमारी (चतरा), चिंता मनी टूटी (साहेबगंज), सोनम कुमारी (रांची), सानिया प्रवीण (धनबाद)



बालक वर्ग ~ आशुतोष ठाकुर, हेमेंत कुमार, रोहित उरांव, (पलामू),सुरजीत कुमार, रोहित कुमार , रहीम अंसारी, विक्की लोहरा (जामताड़ा), हिमांशू कुमार सिंह (पूर्वी सिंह भूम), रिशु राज, मोनू कुमार (धनबाद), अनित उरांव , आकाश दीप किंडो, साकेत मिंज (गुमला), राहुल बोबोंगा, केसव चंद्र महतो (पश्चिम सिंह भूम), अल्दीप महतो, अमन महतो, निखिल नायक (रांची), प्रयाग महतो (सिमडेगा), विकास महतो, विशाल कुमार, संजीव भारती, रिजवानूल होदा, (बोकारो), संगम कुमार , करण कुमार (गोड्डा), पवन कुमार (लातेहार), अनीस कुमार (साहेबगंज), सूरज कुमार , निशांत भगत (लोहरदगा), अंकित (पूर्वी सिंह भूम), निखिल उरांव (चतरा), धीरज कुमार ( गिरीडीह)।

# लक्ष्य पर भारी पड़े श्रीकांत

**» हार के साथ सिंधू का अभियान खत्म**

**जकार्ता ,15 जून 2023।** किदांबी श्रीकांत ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए दो भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले में लक्ष्य सेन को सीधे गेम में हराकर गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान हार के साथ खत्म हुआ। पुरुष एकल के अंतिम-16 मुकाबले में लक्ष्य ने श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी लेकिन विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुके खिलाड़ी ने 45 मिनट तक चले मैच को 21-17 22-20 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के तीन मैचों श्रीकांत की यह तीसरी जीत है।



दुनिया की 14वें नंबर की महिला एकल खिलाड़ी सिंधू दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी ताइ जू यिंग से 18-21 16-21 से हार गयी। सिंधू पिछली दो टूर्नामेंटों में शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइ जू के खिलाफ सिंधू को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गये 24 मुकाबलों में चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने 19 मैच अपने नाम किये हैं। सिंधू की हार के साथ ही महिला एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी।

# एलएकेआर ने रसेल,सुनील नरेन,फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ किया करार

**लॉस एंजिल्स,15 जून 2023। ।** लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स (एलएकेआर) ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाड़ियों आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, लॉकी फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ करार किया है।इनके अलावा एलएकेआर ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जाम्पा, न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिले रोसौव के साथ भी करार किया है।एलएकेआर टीम में भारतीय खिलाड़ी उन्मुक्त चंद, यूएसए के जसकरण मल्होत्रा और अली खान भी शामिल हैं। मल्होत्रा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिछले महीने, रॉय ने इस गर्मी में यूएसए की एमएलसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुबंध को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की थी। वह केकेआर के लिए आईपीएल 2023 में एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी भी थे।रसेल और नरेन सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स का भी हिस्सा हैं।नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, हमने एमएलसी के पहले सीजन के लिए एक मजबूत और प्रतिभाशाली टीम तैयार की है, जो उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकती है और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को खुशी दे सकती है।
उन्होने आगे कहा,नाइट राइडर्स समूह संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने और दुनिया भर में नए दर्शकों के लिए क्रिकेट के हमारे अनूठे ब्रांड को लाने के लिए तैयार है।एलएकेआर टीम में अली शेख (यूएसए), भास्कर यादराम (वेस्टइंडीज), कॉर्न ड्राई (दक्षिण अफ्रीका), नीतीश कुमार (कनाडा), सैफ बदर (पाकिस्तान) और शैडली वान शल्कविक (दक्षिण अफ्रीका) भी शामिल हैं।एमएलसी 2023 का आयोजन टेक्सास के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 से 30 जुलाई तक होगा, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी।

# नंदमूरी बालकृष्ण स्टारर एनबीके 108 को मिला टाइटल भगवंत केसरी

शाइन स्क्रीन के सफल निर्माता साहू गरपति और हरीश पेड्डी के साथ नंदमूरी बालकृष्ण और फिल्म निर्माता निर्देशक अनिल रविपुडी वर्तमान में अपनी अगली फिल्म की रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म, जिसे एनबीके108 कहा जा रहा था, को अब भगवंत केसरी नामक एक शक्तिशाली शीर्षक मिला है। इस फिल्म में भगवंत केसरी के रूप में नंदामूरी बालकृष्ण होंगे। कथानक के अनुसार, यह अपनी तरह का पहला एक्शन होने की उम्मीद है और कैप्शन आई डोन्ट केयर से प्रमुख व्यक्ति के अनर्गल रवैये का संकेत मिलने की उम्मीद है।




घोषणा पोस्टर में, शीर्षक में भारत के राज्य प्रतीक (अशोक की शेर राजधानी) को दिखाया गया है। नायक बालकृष्ण की बात करें तो वह भूरे रंग का कुर्ता पहने हुए, गले में स्टोल के साथ फॉर्मल पैंट और नमक-मिर्च वाला लुक पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। बालकृष्ण एक एक्शन से भरपूर अवतार में दिखाई देते हैं क्योंकि वह एक घातक हथियार के साथ पोज़ देते हैं। फिल्म एक्शन प्रेमियों के लिए एक ट्रीट होगी क्योंकि इसमें कुछ बड़े स्टंट सीक्वेंस दिखाए जाने की उम्मीद है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने इसके बारे में खुलासा करते हुए कहा, अनिल रविपुडी बालकृष्ण को फिल्म में पहले कभी न देखे गए गेट-अप और किरदार में पेश करना चाहते थे। शीर्षक की तरह वह चाहते थे कि पोस्टर भी हमारा ध्यान खींचे। निर्माता जोरदार प्रचार का विकल्प चुनेंगे और उन्होंने एक अनोखे तरीके से शीर्षक पोस्टर का अनावरण भी किया। शीर्षक पोस्टरों के 108 होर्डिंग 108 स्थानों पर लगाए गए थे। वह सब कुछ नहीं हैं। 10 जून, बालकृष्ण के जन्मदिन के लिए और भी सरप्राइज हैं। काजल अग्रवाल फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं, श्रीलीला भी एनबीके108 में एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी।

# थमने का नाम नहीं ले रहा रकुल प्रीत सिंह का बिकिनी अवतार

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस हर वक्त अपने फैशन स्टेटमेंट से लोगों को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपना वेकेशन मालदीव में एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट अंदाज में फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुस प्रीत की बोल्डनेस देख कर लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने वेकेशन के दौरान अपनी बेहद ही सेक्सी बिकिनी फोटोज पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने रेड कलर की बिकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो सुपरबोल्ड नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह अपनी इन फोटोज में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं।



ओपन हेयर और नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत अपनी इन तस्वीरों में किलर अंदाज में ग्लैमरस अंदाज से लोगों के दिलों पर खंजर चला रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस समुद्र के किनारे मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने पोस्ट के दौरान लगातार अपने फैंस से जुड़ी हुई हैं। हालांकि फैंस को भी उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल की इन तस्वीरों पर 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है।

# विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर को पिछली बार गुमराह में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। आने वाले दिनों में मृणाल लस्ट स्टोरी 2, पूजा मेरी जान और नानी 30 जैसी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। अब इस बीच मृणाल के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स की आगामी फिल्म एसवीसी54 का हिस्सा बन गई है। इसमें उनकी जोड़ी दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ बनी है।
मृणाल ने इंस्टाग्राम कुछ तस्वीरें साझा की है, जिसमें वह विजय के साथ नजर आ रही हैं। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। इसकी जानकारी खुद मृणाल ने दी है। मृणाल ने लिखा, एक बहुत ही रोमांचक यात्रा में पहला कदम। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के साथ काम करने का यह मेरा पहला मौका है और मैं विजय देवरकोंडा के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए वास्तव में रोमांचित हूं। शूट शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकती।



# राजकुमार हिरानी,संजय दत्त और अरशद वारसी की तिकड़ी साथ आई



राजकुमार हिरानी, संजय दत्त और अरशद वारसी बॉलीवुड की सबसे मशहूर तिकड़ी है, जो जब भी पर्दे पर साथ आई, उसने धमाल मचाया है। तीनों की जोड़ी मुन्नाभाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्नाभाई जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती है। लंबे समय से तीनों के साथ आने की अटकलें लगाई जा रही थीं और प्रशंसक भी मुन्नाभाई की तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे थे। अब तिकड़ी साथ तो आ रही है, लेकिन किसी और प्रोजेक्ट के लिए।
हाल में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय, अरशद और राजकुमार एक नई परियोजना पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि यह मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी की फिल्म हो सकती है। हालांकि, यह अटकलें गलत निकलीं क्योंकि तीनों सितारे साथ तो आ रहे हैं, लेकिन वह मुन्नाभाई के लिए नहीं होगा। हाल ही में अरशद ने इस बारे में बात करते हुए बताया कि यह सहयोग वास्तव में विज्ञापन शूट के लिए हुआ है।
अरशद ने कहा, हम तीनों हाल ही में एक विज्ञापन शूट करने के लिए बहुत लंबे समय के बाद मिले थे और विज्ञापन में हम वैसा ही व्यवहार कर रहा था जैसा वास्तविक में करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम जब भी मिलते हैं मुन्नाभाई हमेशा चर्चा का विषय होती है। हम सभी इसके अगले भाग पर काम करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यह अभी तक अमल में नहीं आया है।

# छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं की तारीफ हुई

» तेलंगाना के 500 किसानों ने मुख्यमंत्री बघेल से की मुलाकात

» छत्तीसगढ़ में संचालित किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं को सराहा

» तेलंगाना का पारंपरिक वस्त्र गोंगी पहनाकर मुख्यमंत्री का किया स्वागत

» छत्तीसगढ़ के गौठानों के भ्रमण के बाद साझा किए अपने अनुभव

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल देखने आए तेलंगाना के किसानों ने छत्तीसगढ़ में संचालित किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं को सराहा। तेलंगाना के विभिन्न जिलों से आए 500 किसानों ने राजनांदगांव और दुर्ग जिले में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित की जा रही किसान हितैषी योजनाओं का अवलोकन करने के बाद आज सवेरे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास में प्रदेश के मुखिया बघेल से अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए तेलंगाना से आए किसान प्रतिनिधियों ने पारम्परिक वस्त्र गोंगड़ी पहनाकर और बैलगाड़ी का मॉडल भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

तेलंगाना के किसानों ने इसके पहले राजनांदगाव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड के अमलीडीह गौठान और दुर्ग जिले के पुलगांव गौठान का अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ के किसानों, मजदूरों और गौपालकों से चर्चा कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली।

छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं और नीतियों की तारीफ करते हुए तेलंगाना के किसान प्रतिनिधि शरद कुमार ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता और किसानों के हित में महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही हैं और इनका लाभ भी आम जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने महात्मा गाँधी की ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार किया है। धान का बेहतर मूल्य, गोबर की खरीदी, जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलने से यहां के किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही है। शरद कुमार ने कहा कि भूपेश सरकार का यह किसान मॉडल पूरे देश में भी लागू किया जाना चाहिए। शरद कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाओं से न केवल किसान समृद्ध हो रहे हैं, बल्कि बेहतर आजीविका भी सुनिश्चित हो रही है और इस पूरे मॉडल को समझने के लिए तेलंगाना से हम सभी किसान छत्तीसगढ़ आए हैं।

तेलंगाना से आए किसान एम. शिवा वीर रेड्डी ने कहा आपकी सरकार प्रदेश के किसानों के लिए बढ़िया काम कर रही है। गोबर खरीदी योजना से पूरे देश में आपकी पहचान गोबर खरीदने वाले मुख्यमंत्री के रूप में बनी है। स्वामी ने कहा कि मैं स्वयं गोपालन करता हूं यदि आप जैसी योजनाएं हमारे भी प्रदेश में भी संचालित होती तो मैं एक सौ नहीं हजार गाय पालता। स्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गौठान, गोपालन तथा किसानों के हित में संचालित की जा रही योजनाओं का, मीडिया के जरिए पूरे देश में प्रचार-प्रसार होना चाहिए ताकि अन्य प्रदेश के किसानों को भी इसकी जानकारी मिल सके।



### हमारी सरकार किसानों की सरकार है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हमारी सरकार किसानों की सरकार है और किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए हम संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में केवल 12 लाख किसान प्राथमिक सहकारी सोसाइटी में धान बेचते थे परंतु आज 23 लाख से अधिक किसान सोसाइटी में धान बेच रहे हैं और पैसा तत्काल उनके खातों में पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से अब तक 26 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो चुके हैं, देश में धान का सर्वाधिक मूल्य छत्तीसगढ़ के किसानों को एम.एस.पी. और इन्पुट सब्सिडी मिलाकर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस वर्ष साढ़े 23 लाख किसानों से 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। अभी तक हम किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी कर रहे थे, अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। हमारी सरकार 67 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी कर रही है और उनका वैल्यू एडिशन कर सी मार्ट के जरिए बिक्री भी की जा रही है। गोबर खरीदी योजना से यहां के किसान गोबर बेच कर लखपति बन रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा हमारे यहां न केवल गोबर से पेंट का निर्माण किया जा रहा है बल्कि गोबर से बिजली उत्पादन को भी हम प्रोत्साहन दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान से एथेनॉल बनाने के लिए अनुमति देने के संबंध में हमने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा है यदि अनुमति मिलती है तो प्रदेश के किसानों को धान का और भी ज्यादा मूल्य प्राप्त होगा। प्रदेश में आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं के प्रश्न पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों और वनवासियों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर खरीदी, वनोत्पाद आधारित आजीविका गतिविधि तथा वन अधिकार पट्टा प्रदान कर सरकार आदिवासियों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकार पट्टा योजना के जरिए 5 लाख किसानों व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टे दिये गए है इसी तरह सामुदायिक वन अधिकार 18 लाख हेक्टेयर से अधिक जमीन पर आदिवासियों एवं पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा चुका है। इसमें वन संसाधन अधिकार भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किसानों की कर्जमाफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था, हाफ बिजली बिल योजना, किसानों को 5 हॉर्सपावर तक के सिंचाई पंप पर बिजली की छूट, मछली पालन और लाख पालन को कृषि का दर्जा देने की योजना की भी विस्तार से जानकारी दी। किसान, गौपालक, वनवासियों के जो उत्पाद है उनकी खरीदी प्रसंस्करण और विक्रय की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। सी-मार्ट सहित अमेजान और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफार्म पर इनके उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

# सड़क और पुलों के गुणवत्ता निगरानी के लिए स्टेट क्वॉलिटी मॉनिटर्स किए जाएंगे इम्पैनल्ड

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राज्य में सड़कों एवं पुलों की गुणवत्ता निगरानी के लिए स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स इम्पैनल्ड किए जाएंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरों से 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

गुणवत्ता निगरानी में आवेदन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा केंद्र या राज्य सरकार या किसी सार्वजनिक उपक्रम में कार्यपालन अभियंता या समकक्ष पद पर होना चाहिए।

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, आईआईटी, एनआईटी तथा शासकीय अनुसंधान संस्थान के ऐसे फैकल्टी सदस्य जो सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की योग्यता रखते हो तथा रोड एवं पुल निर्माण के डिजाइन पर्यवेक्षण एवं परामर्श संबंधी अनुभव रखते हों ऐसे सदस्य भी आवेदन कर सकते हैं। रोड निर्माण संबंधी कार्यों के निरीक्षण के लिए संबंधित इंजीनियर के पास सेवानिवृत्ति से पिछले 10 सालों में, से कम पाँच साल तक का रोड निर्माण कार्यों का अनुभव होना चाहिए। इसी प्रकार पुल निर्माण संबंधी कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए संबंधित इंजीनियर को प्लानिंग और डिजाइन में कम से कम 8 साल का अनुभव होना चाहिए। ऐसे व्यक्ति जो दोनों ही क्षेत्रों में समान अनुभव रखते हो वे भी आवेदन कर सकते हैं।




ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही नेशनल क्वालिटी मॉनिटर या स्टेट क्वालिटी मॉनिटर में इम्पैनल्ड है तथा जिनकी आयु 30 जून 2023 तक 67 वर्ष पूरी हो चुकी हो वे आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे

गुणवत्ता निगरानी के संबंध में आवेदन के लिए संबंधित इंजीनियर को कंप्यूटर और स्मार्टफोन के संचालन की जानकारी होनी चाहिए तथा उसके खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का प्रकरण नहीं होना चाहिए।

# शिक्षा मंडल ने 12 वीं की आंसरशीट जांच में लापरवाही पर की कार्रवाई

### 56 शिक्षक ब्लैक लिस्टेड

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं बोर्ड की कापियों को जांचने में लापरवाही बरतने वाले 56 शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा मंडल एक साथ 56 शिक्षकों को ब्लैक लिस्टेड किया है। साथ ही 5 शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने की सिफारिश की है। जानकारी के अनुसार लापरवाही बरतने वाले 53 शिक्षकों को अब तीन साल तक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच नहीं कर सकेंगे जबकि तीन शिक्षकों को हमेशा के लिए मूल्यांकन के काम से बाहर कर दिया गया है।




मंडल के अनुसार हायर सेकंडरी की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों ने गंभीर लापरवाही बरती। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम प्रभावित हुए। इस वजह से उनपर कार्रवाई की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं बोर्ड की आंसरशीट की जांच के लिए 32 सेंटर बनाए थे। इन सेंटर्स में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे, जिससे किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। पुलिस के साथ ही अन्य सुरक्षा कर्मियों की भी ड्यूटी यहां लगाई गई थी लेकिन रिवैल में जब कई छात्रों के 20 से 50 अंक बढ़े तब ऐसे मूल्यांकन कर्ताओं की लिस्ट तैयार की और जांच में लापरवाही पाए जाने के बाद परीक्षाफल समिति की संयुक्त बैठक में ऐसे शिक्षकों को ब्लैक लिस्टेड करने का फैसला लिया गया है।

# चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रियों का छत्तीसगढ़ में जमावड़ा

» 22 जून को अमित शाह तो राजनाथ सिंह 1 जुलाई को आएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी ने अभी से अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्रियों के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जून-जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत केंद्र के कई बड़े नेता छत्तीसगढ़ आएंगे। बता दें कि तय कार्यक्रम के अनुसार 22 जून को अमित शाह भिलाई आएंगे। वहीं 1 जुलाई को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। और 30 जून को बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर आने की खबर है। वहीं जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी छत्तीसगढ़ आ सकते है।



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आएंगे भिलाई

जानकारी के अनुसार के चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा सरकार के 9 पुरे होने पर सभी बीजेपी नेता अलग-अलग राज्यों में जाकर सभाएं कर रहे है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 जून को भिलाई आएंगे। जहां रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आम सभा का आयोजन किया गया है। उनके स्वागत को लेकर भाजपा की तैयारियां जोरों पर हैं। अमित शाह की सभा में 50,000 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए 20 विधानसभा से कार्यकर्ता आएंगे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आएंगे कांकेर

वहीं 1 जुलाई को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नक्सल प्रभावित जिले कांकेर में पार्टी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए आम सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। राजनाथ सिंह बस्तर संभाग के इस दौरे में सेंट्रल फोर्सेस के जवानों से भी मिल सकते हैं।

### जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ दौरा

बता दें कि 30 जून को जेपी नड्डा के छत्तीसगढ़ आने की खबर है। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के गृह जिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह पहला दौरा होगा। वे बिलासपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। बिलासपुर जिला ईकाई ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके अलावा वे प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक भी लेंगे।

# छत्तीसगढ़ में घोटालों की तादाद बढ़ गई है

-सोनू कुमार-

**रायपुर, 15 जून 2023(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने जिस तरीके से जनता को ठगने का काम किया है और लूटने का काम किया है जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी आने वाले समय पहुंचाते भूपेश बघेल की सरकार को यही छत्तीसगढ़ की जनता उखाड़ फेंकने का संकल्प लेती है



और चावल घोटाला भूपेश बघेल की सरकार ने किया शराब घोटाला छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया छत्तीसगढ़ में जितने घोटाले हैं सब भूपेश बघेल की सरकार कर रही है और उनके लोग कर रहे हैं सरकार समझ गई है और आने वाले 2023 में मुंहतोड़ जवाब देगी बघेल जी कुर्सी खाली करो जनता आ रही है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी पर कसा तंज

» भाजपा को नोटबंदी,जीएसटी, महंगाई जैसे विषयों को लेकर जनता के बीच जाना चाहिए-सीएम बघेल

» भाजपा के पास छत्तीसगढ़ में कोई चेहरा नहीं है

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आने वाले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे की बात कहते हुए भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास छत्तीसगढ़ में कोई चेहरा नहीं है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के कई प्रभारी बदल गए हैं। ओम माथुर को स्वयं की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने डॉ. रमन सिंह को नेपथ्य में ढकेल दिया है, उन्हें इस तरह अपमान नहीं करना चाहिए। इतना ही नहीं सीएम बघेल ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा 2019 का चुनाव विकास के मुद्दे पर नहीं लड़ी थी। 2024 का चुनाव के लिए भाजपा के पास कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा को नोटबंदी, जीएसटी, महंगाई, जैसे विषयों को लेकर जनता के बीच जाना चाहिए। हिमाचल और कर्नाटक की जनता ने आइना दिखा दिया



है। विधानसभा चुनावी तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव में एनएसयूआई की बड़ी भूमिका है। एनएसयूआई के कार्यकर्ता कई अभियानों के साथ छात्रों और युवाओं के बीच पहुंचेंगे। इसी के साथ ही उन्होंने नशामुक्ति अभियान की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज हमारा उद्देश्य है। नशा व्यक्ति, परिवार, समाज को नुकसान पहुंचाता है।

पीएससी में नहीं हुई कोई गड़बड़ी,अभी बीजेपी वाले कर रहे हैं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एनएसयूआई की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए। विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक में चर्चाएं हुई। इस दौरान छ्ररूभूपेश बघेल ने कहा कि एनएसयूआई पदाधिकारियों को टिप्स दिए गए। सरकार के काम और नीति को लेकर युवा लोगों के पास जाएं। इसके अलावा भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। पहले उम्मीदवार शिकायत करते थे, अभी भाजपा वाले कर रहे हैं। युवा नेता के चक्कर में न पड़ें, पढ़ें और नौकरी लें। कोई शिकायत है तो दें, हम जांच को तैयार हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं, प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। परीक्षा शुल्क माफ की तो 3 गुना उम्मीदवार हो गए। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने पोस्टर विमोचन किया। बोल छत्तीसगढ़िया बोल का पोस्टर विमोचन हुआ। साथ ही संभाग और प्रदेश स्तरीय प्रवक्ता का चयन होगा।

# अब स्व.राजीव गांधी मार्ग के नाम से जाना जाएगा राजधानी का वीआईपी रोड

**रायपुर, 15 जून 2023(ए)।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड का नाम अब बदल चुका है। अब वीआईपी रोड को स्व. राजीव गांधी मार्ग के नाम से जाना जाएगा। नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में इसका फैसला लिया गया है। दरअसल, नगर पालिक निगम रायपुर में आज मेयर इन काउंसिल (एमआइसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें से वीआईपी रोड का नाम बदलने का प्रस्ताव भी शामिल था। बैठक के बाद महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि महापौर ने कहा की मुझे लगता है कि वीआईपी कोई नाम नहीं होता है, इसलिए इसका नाम बदला गया है।



# एक विश्व,एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

» पहुंचेगा 'हर घर आंगन योग' का संदेश

» छत्तीसगढ़ में 21 जून को समारोहपूर्वक होगा योग का आयोजन

-सोनू कुमार-

**रायपुर, 15 जून 2023(घटती-घटना)** 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' थीम, पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश के शहरों और गांवों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से 'हर घर आंगन योग' के संदेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के प्रमुख स्थलों जैसे- ऐतिहासिक, सार्वजनिक महत्व के स्थल, महत्वपूर्ण नदियों वाले स्थलों पर अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ योग-आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरों और गांवों के प्रमुख स्थल पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी और वृद्धाश्रम, सार्वजनिक उपक्रमों, शासन के सभी विभागों के प्रमुख स्थानों में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सरपंच, वार्ड पार्षदों अन्य स्थानीय समुदाय के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक स्वैच्छिक संगठन, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, बालाश्रम, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों तथा उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु संचालित संस्थाएं शामिल होंगे।




जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थल चयन कार्यक्रम आयोजन एवं सफल संचालन, समन्वय हेतु जिला कलेक्टर नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में स्वैच्छिक संगठन, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, बालाश्रम, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों तथा उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु संचालित संस्थाओं को भी सम्मिलित किया जाएगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग, स्कूल, उच्च तकनीकी शिक्षा,महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को कार्रवाई करने कहा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)